पत्र सं0–14/डी0एल0ए0/पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति (DLAO)–01/2025–........................../रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय)

प्रेषक,

जय सिंह,
सचिव।

सेवा में,

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना, दिनांक:–..

विषय:– **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के रिक्त पदों पर प्रभार एवं शक्ति प्रदत्त किये जाने के संबंध में।**

प्रसंग:– **विभागीय पत्रांक–89 (3)/रा0, दिनांक–21.02.2022 एवं पत्रांक–79(3)/रा0, दिनांक–07.02.2023.**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र से संसूचित है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार स्तर से निर्गत अधिसूचनाओं से जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के रिक्त पदों पर पदाधिकारियों के पदस्थापन के साथ ही भू–अर्जन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत "समाहर्त्ता" की शक्ति प्रदत्त मानी जाय। साथ ही समाहर्त्ता द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के रिक्त पद का अतिरिक्त प्रभार प्रभारी उपसमाहर्त्ता, राजस्व शाखा (वरीय उपसमाहर्त्ता) को दिये जाने की स्थिति में भी शक्ति प्रदत्त मानी जाय का निदेश दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त समाहर्त्ता द्वारा किसी अन्य पदाधिकारी को अपने दायित्वों के अतिरिक्त जिला भू–अर्जन पदाधिकारी का प्रभार दिये जाने की स्थिति में विभाग स्तर से घटनोत्तर स्वीकृति प्राप्त की जानी है।

भू–अर्जन का कार्य अधिनियम/नियमावली में निहित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। अतएव सम्यक् विचारोपरांत निदेशित किया जाता है कि जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के पद पर समाहर्त्ता द्वारा किसी पदाधिकारी को प्रभार दिया जाता है, तो वैसी स्थिति में भी भू–अर्जन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत "समाहर्त्ता" की शक्ति प्रदत्तं मानी जाय। इस हेतु विभाग से घटनोत्तर स्वीकृति बाद में विभाग से प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन,
ह0/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांक–................................/रा0, पटना, दिनांक:–.............................

प्रतिलिपि:–अपर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांक–................................/रा0, पटना, दिनांक:–.............................

प्रतिलिपि:–सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांक–................................/रा0,.   पटना, दिनांकः–...........................

प्रतिलिपिः–विभागीय प्रशाखा–3, 3(ए), राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(जय सिंह),
सचिव।

ज्ञापांक–....780......../रा0,   पटना, दिनांकः–..19.05.26..

प्रतिलिपिः–विभागीय आई.टी. मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को यथास्थान वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(जय सिंह)
सचिव।

D:\Rohits\2026\Rashmi Ji\Letter.doc